वड़ोदरा बेस्ड रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लि. का आईपीओ खुलेगा 4 सितंबर को

RATNAVEER™

जयपुर/कॉ.सं। स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स बनाने वाली वड़ोदरा बेस्ड रत्नवीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड का आईपीओ 4 सितंबर 2023 को खुलकर 6 सितंबर 2023 को बंद होगा। कंपनी के प्रमोटर के अनुसार उनकी कंपनी ऑटोमोटिव, सोलर पावर, विंड एनर्जी, पावर प्लांट्स, ऑयल एवं गैस, फार्मास्युटिकल, सेनेटरी, बिल्डिंग एंव कंस्ट्रक्शन व किचन एप्लायंसेज आदि के लिए स्टेनलेस स्टील आधारित प्रोडक्ट की मैन्युफैक्चरिंग करती है। कंपनी का शेयर बीएसई व एनएसई मैनबोर्ड पर 14 सितंबर 2023 को लिस्ट होगा। आईपीओ में 13,800,000 नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और 3,040,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री ओएफएस के माध्यम से की जाएगी। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 481.14 करोड़ रुपए की रेवेन्यू पर 25.04 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट अर्जित किया है। कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी मुंबई बेस्ड यूनिस्टोन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।